देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 14 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**उच्च शिक्षा क्षेत्र में गिरावट



देहरादून, मंगलवार, 7 अप्रैल 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 32.0° न्यूनतम 18.0°

27590.95

2 सबसे मुश्किल हालात में पहुंचा अमेरिका

7 टी20 वर्ल्डकप है कमिन्स की प्राथमिकता

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में तेजी से बढ़ रहे आंकड़े, अब तक 781 मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस का खतरा बढ़ता जा रहा है। यहां कोरोना मरीजों की संख्या 800 पार होने वाली है। आज महाराष्ट्र में 33 नए केस आए हैं जबकि नालासोपारा प्राइवेट अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव 65 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं देशभर में अब तक कोरोना के मरीजों की संख्या 4,067 से ज्यादा हो गई है जबकि 109 लोगों की मौत हो चुकी हौ। महाराष्ट्र में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां अब तक 781 लोगों को कोरोना की पुष्टि हो चुकी है, वहीं 46 लोगों की मौत हो गई है।

### पुलिस ने मौलाना साद को भेजा दूसरा नोटिस, मांगे जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित तबलीगी जमात के अमीर मौलाना मोहम्द साद को पुलिस ने दूसरा नोटिस भेजा है। पहले नोटिस में दिल्ली पुलिस ने साद से 26 सवालों के जवाब मांगे थे। पुलिस ने दूसरे नोटिस में जमात चीफ से केवल जानकारी मांगी है। गौरतलब है कि निजामुद्दीन स्थित मरकज में जमात के कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए थे जिनमें से कई लोगों की कोरोना वायरस के कारण मौत हो गई थी। मरकज के खाली कराने के बाद ही साद लापता है।

### इंडियन आर्मी ने टेकओवर किया नरेला आइसोलेशन कैंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के नरेला आइसोलेशन कैंप को इंडियन आर्मी ने टेकओवर कर लिया है। यह पहला आइसोलेशन कैंप हैं जहां आर्मी के डॉक्टरों की मदद मांगी गई थी। कल तक वहां इंडियन आर्मी के कुल 4 डॉक्टर और 8 नर्सिंग स्टाफ मौजूद और सिक्यॉरिटी स्टाफ मौजूद था। सूत्रों के मुताबिक अब पूरे कैंप को इंडियन आर्मी ने टेकओवर कर लिया है। बता दें कि इस कैंप में कुछ तबलीगी जमात वाले भी हैं।

# कोरोना के खिलाफ लंबी चलेगी जंग

### कोरोना से लड़ाई अभी लंबी चलनेवाली है, सब तैयार रहें

## बीजेपी के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी ने की कोरोना को हराने की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के खिलाफ यह लड़ाई लंबी चलनेवाली है, देश के 130 करोड़ लोग इस जंग में जीतने की इच्छाशक्ति के साथ एकजुट हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बीजेपी की स्थापना दिवस पर संबोधन देते हुए यह बात दोहराई है। इसके साथ मोदी ने बीजेपी के कार्यकर्ताओं से 5 संकल्प लेने को भी कहा जिससे कोरोना को हराने में मदद मिले।

**लंबी लड़ाई के लिए तैयार देश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना से चल रही लड़ाई को लंबी जंग बताया। उन्होंने कहा कि देश को लंबी लड़ाई के लिए तैयार होना होगा। इसमें न थकना है, न हारना है। लंबी लड़ाई के बावजूद हमें जीतना है, विजय होकर निकलना है। संकल्प एक है कोरोना के खिलाफ विजय, लड़ाई में जीत।

मोदी ने कहा कि भारत के उठाए कदमों की डब्ल्यूएचओ ने भी तारीफ की है। वह बोले कि कोरोना से निपटने के अबतक के प्रयासों ने अलग उदाहरण प्रस्तुत किया है। वह बोले कि देश ने वक्त पर कोरोना वायस की गंभीरता को समझा। समय रहते एक व्यापक जंग की शुरुआत की। भारत ने एक के बाद एक बड़े फैसले लिए। मोदी ने कहा कि इसमें केंद्र सभी सरकारों को साथ लेकर आगे चल रही है। मोदी ने कहा, भारत ने जितनी तेजी से काम किया आज उसकी प्रशंसा भारत के साथ वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने भी की है। तमाम देश एकजुट होकर कोरोना से लड़े इसके लिए सार्क बैठक, जी20 सम्मेलन किया गया। भारत ने इन सारे आयोजनों में भारत की भूमिका अहम रही।



### शास्त्रों का किया जिक्र

मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रों में भी ऐसी लड़ाई से लड़ने की प्रेरणा मिलती है। कहा गया है कि हमारे विचार, संकल्प, हमारे दिल एकजुट होने चाहिए। और यही एकजुटता भारत की मदद करेगी। आगे उन्होंने जनता कर्फ्यू, लॉकडाउन में भारत के लोगों के मिल रहे साथ का जिक्र किया। मोदी बोले ऐसे में लोग खुद के साथ–साथ औरों को भी बचाने में मदद कर रहे। मोदी बोले कि 130 करोड़ की जनसंख्या वाला इतना बड़ा देश लॉकडाउन का ठीक पालन कर रहा है।

### देश में कोरोना वायरस बीजेपी कार्यकर्ताओं से किए 5 आग्रह

1. गरीबों को जितना हो सके राशन देना है।
2. अपने साथ–साथ 5 अन्य लोगों के लिए फेस कवर बनाएं और उन्हें दें।
3. देश की सेवा में लगे लोगों का धन्यवाद करना है। इसमें डॉक्टर–नर्स, सफाई कर्मा, पुलिसवाले, बैंक–पोस्ट ऑफिस कर्मी, अन्य सरकारी मुलाजिम शामिल।
4. आरोग्य सेतु ऐप ज्यादा से ज्यादा लोगों के फोन में डाउनलोड करवाना है। हर एक कार्यकर्ता को कम से कम 40 के फोन में यह डाउनलोड करने को कहा।
5. मोदी ने कहा कि युद्ध के समय लोग देश की मदद को दान देते आए हैं। इसे भी मानवता के खिलाफ जंग समझकर जितना बन पड़े पीएम केयर पंड में दान दिया जाए।

### सांसदों को मिलने वाले लोकल एमपी फंड पर भी दो साल की रोक

# सांसदों की सैलरी 1 साल के लिए 30 प्रतिशत कटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से लड़ाई में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपालों ने स्वेच्छा से अपने वेतन में कटौती का फैसला किया है। यह रकम भारत की संचित निधि में जमा होगी। इसके अलावा, सभी सांसदों के वेतन में साल भर के लिए 30 प्रतिशत की कटौती होगी। केंद्रीय कैबिनेट ने कुछ महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। सांसद निधि के तहत मिलने वाले फंड को भी दो साल के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। सभी सांसदों के वेतन में सालभर के लिए 30 प्रतिशत की कटौती करने संबंधी अध्यादेश को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।

सांसदों को हर साल मिलने वाली निधि या एमपी लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड 2 साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस मद में सांसदों को जो हर साल दस दस करोड़ रुपए की राशि मिलती है, वह कंसोलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया में जमा होंगे, ताकि उससे कोरोनावायरस के दंश से लड़ा जा सके।

**पीएम ने मंत्रियों संग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंगः** पीएम मोदी ने सोमवार को अपने मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोरोना वायरस पर चर्चा की। पीएम ने मंत्रालयों से 10 बड़े फैसलों और 10 प्राथमिकता वाले इलाकों की लिस्ट बनाने के निर्देश दिए।

### संसद सत्र पारित होते ही पास होगा कानून

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, सभी राज्यपाल और सांसद 1 साल तक अपने वेतन का 30 फीसदी हिस्सा नहीं लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस बात पर फैसला हुआ। इसमें तय किया गया कि इस फैसले को कार्य रूप देने के लिए एक अध्यादेश लाया जाएगा।

### 30 राज्यों में 4,000 से ज्यादा केस, 109 मौतें

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर दुनिया के साथ–साथ भारत में भी बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार, देश में इस खतरनाक वायरस के अब तक 4,067 पॉजिटिव केस आ चुके हैं। इस बीमारी से 292 लोग ठीक हो गए हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और एक मरीज को दूसरी जगह भेजा गया है। कुल 66 विदेशी भी इस बीमारी से पीड़ित हैं। अब तक 109 मरीजों ने कोरोना से जान गंवाई है। भारत सरकार की तरफ से लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है, फैलने से रोकने के लिए कई कदम भी उठाए गए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह 9 बजे जारी किए गए आंकड़े के अनुसार देश में अब तक 109 लोगों की मौत हो गई है। वहीं अब तक 4,067 मामले सामने आ गए हैं। 3,666 का इलाज चल रहा है। 291 लोग ठीक हो गए हैं। पिछले 12 घंटे में 490 मामले बढ़े हैं।

## 30 देशों ने भारत से मांगी क्लोरोक्वीन दवाएं

### अमेरिका व ब्राजील समेत कई देशों ने पीएम से मांगी मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत सरकार इस समय कैच–22 की स्थिति में फंसी हुई है। एक तरफ तो वह मानवता के आधार पर कोविड–19 (कोरोना वायरस) से निपटने में अहम माने जाने वाली मलेरिया की दवा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्विन दुनिया के दूसरे देशों को भी उपलब्ध कराना चाहती है, लेकिन घरेलू हालात जिस तरह से बदल रहे हैं उसे देखते हुए वह इसका निर्यात खोल कर जोखिम भी नहीं उठाना चाहती है।

दूसरी तरफ अमेरिका, ब्राजील समेत कम से कम 30 देश भारत से इस दवा की आपूर्ति करने की मांग कर चुके हैं। सरकार फिलहाल दवा निर्माताओं से बात कर रही है ताकि इस दवा का उत्पादन तेजी से बढ़ाया जा सके, हालांकि अधिकारी स्वीकार कर रहे हैं कि आनन फानन में उत्पादन भी बढ़ाना संभव नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दो दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हुई टेलीफोन बातचीत में क्लोरोक्विन दवा का निर्यात करने का आग्रह किया गया था। बाद में ट्रंप ने बताया भी कि, 'हमने मोदी से मलेरिया के इलाज में काम आने वाली दवा हाइड्राक्लीक्लोरोक्विन दवा का निर्यात खोल दे।

## अमेरिका में टाइगर को हुआ कोरोना

### भारत के चिड़ियाघरों में हाई अलर्ट घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। भारतीय केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की ओर से जारी बयान में कहा गया है, देशभर के चिड़ियाघरों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी लक्षण असामान्य व्यवहार के लिए सीसीटीवी के माध्यम से 24/7 जानवरों की निगरानी करें और न्यूयॉर्क के ब्रोंक्स जू में बाघ को हुए कोरोना वायरस संक्रमण के मद्देनजर हाई अलर्ट पर रहें। बता दें कि अमेरिका की न्यूयॉर्क सिटी में एक टाइगर कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया है। कोरोना वायरस अमेरिका में अब जानवरों को भी अपनी गिरफ्त में ले रहा है।

बता दें कि अमेरिका में न्यूयॉर्क शहर कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित है। अमेरिका में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के कारण 1200 लोगों की मौत हो चुकी है। यह अब तक अमेरिका में एक दिन में कोरोना वायरस के करण हुई सबसे ज्यादा मौत हैं।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in